<u>संदेश</u>

महावीर जयंती के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय के भाइयो और बहनो को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

अहिंसा और करुणा की प्रतिमूर्ति भगवान महावीर के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला यह त्योहार प्रेम व शांति का संदेश देता है। भगवान महावीर ने एक आदर्श और सभ्य समाज के लिए अहिंसा, ब्रह्मचर्य, सत्य और अपरिग्रह का मार्ग अपनाने की शिक्षा दी। उनकी शिक्षाएं समस्त मानवजाति के कल्याण के लिए सदैव प्रासंगिक रहेंगी।

आइए, महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हम संकल्प लें कि हम समाज में प्रेम और सद्भाव बनाए रखेंगे तथा राष्ट्र के विकास के लिए निष्ठा से कार्य करते रहेंगे।

****